Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّاَجْرٌ عَظِيْمٌ

(सूरत अल्माइदा आयत : 10)

अनुवाद : अल्लाह ने उन लोगों से वादा किया है जो ईमान लाए और नेक-आमाल बजा लाए(कि) उनके लिए मग़फ़िरत और एक बहुत बड़ा अज्र है ।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 6
अंक- 20

मूल्य
500 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

7 शव्वाल 1442 हिज्री कमरी 20 हिजरत 1400 हिज्री शम्सी 20 मई 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

तदफ़ीन के बाद क़ब्र पर नमाज़ जनाज़ा

(1247) हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि एक आदमी फ़ौत हो गया, जिस की इयादत (रोगी का हाल पूछने और उसे ढारस देने के लिए उसके पास जाना) रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते थे। वह रात को फ़ौत हुआ तो लोगों ने उसे रात को ही दफ़न कर दिया। जब सुबह हुई तो लोगों ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़बर दी। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम्हें किस ने रोका था कि मुझे सूचना दे देते। उन्होंने कहा रात थी और अंधेरा था इस लिए हमने नापसंद किया कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तकलीफ़ दें। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस की क़ब्र पर आए और नमाज़ (जनाज़ा) पढ़ी।

उस व्यक्ति की श्रेष्ठता जिस के बच्चे का देहांत हो जाए

(1248) हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया लोगों में से जिस मुस्लमान के तीन बच्चे मर जाएं जिन्हें अभी नेकी बदी का अंतर नहीं हो तो अवश्य अल्लाह तआला अपनी इस रहमत के अधीन जो उनके लिए है उसको जन्नत में दाख़िल करेगा।

(1249) हज़रत अबू सईद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि महिलाओं ने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से कहा हमारे लिए भी एक दिन निर्धारित फ़रमाएं। इसलिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उन्हें उपदेश दिया। फ़रमाया : जिस औरत के तीन बच्चे मर जाएं वे उसके लिए आग से पनाह होंगे। इस पर एक महिला ने कहा अगर दो (मर जाएं?) आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तो भी।

(सही बुख़ारी, भाग 2 किताबुल जनायज़, प्रकाशन क़ादियान 2006)

हम जो बार बार इश्तहिार देते हैं और लोगों को तजुर्बा के लिए बुलाते हैं हमारा उद्देश्य इस के अतिरिक्त और कुछ नहीं कि लोगों को ख़ुदा तआला की तरफ बुलाएं। जिसे हम ने ख़ुद देखा है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

ख़ुदा तआला की हस्ती के सबूत

तक़दीर अर्थात दुनिया के अंदर समस्त चीज़ों का एक अंदाज़ा और क़ानून के साथ चलना और ठहरना इस बात को प्रमाणित करता है कि इस का कोई मुक़-द्दर अर्थात अंदाज़ा बाँधने वाला ज़रूर है। घड़ी को यदि किसी ने बिना ईरादा नहीं बनाया तो वह क्यों इतना बाक़ायदा निज़ाम के साथ अपनी हरकत को क़ायम रखकर हमारे लिए लाभदायक होती है। ऐसा ही आसमान की घड़ी कि इस का क्रम और बाक़ायदा और नियम से होना प्रकट करता है कि वह किसी विशेष इरादा, उद्देश्य और लक्ष्य और फ़ायदा के लिए बनाई गई है। इस तरह इन्सान सृष्टि से सृष्टा को और तक़दीर से मुक़द्दर को पहचान सकता है

परन्तु इससे बढ़कर अल्लाह तआला ने अपनी हस्ती के प्रमाण का एक और माध्यम स्थापित किया हुआ है। और वह यह है कि वह समय से पहले अपने चुने हुओं को किसी तक़दीर से सूचना दे देता है और उनको बता देता है कि अमुक़ समय और अमुक़ दिन में मैंने अमुक बात को मुक़द्दर कर दिया है अत: वह व्यक्ति जिसको ख़ुदा ने इस काम के लिए चुना हुआ होता है। पहले से लोगों को सूचना दे देता है कि ऐसा होगा और फिर ऐसा ही हो जाता है जैसा कि उस ने कहा था। अल्लाह तआला की हस्ती के सबूत के लिए यह ऐसी दलील है कि हर एक नास्तिक इस अवसर पर शर्मिंदा और निरुत्तर हो जाता है। अल्लाह तआला ने हमको हज़ारों ऐसे निशान प्रदान किए हैं जिन से अल्लाह तआला की हस्ती पर मज़बूत ईमान पैदा होता है। हमारी जमाअत के इस क़दर लोग इस स्थान मौजूद हैं। कौन है जिसने कम से कम दो-चार निशान नहीं देखे और यदि आप चाहें तो कई सौ आदमी को बाहर से बुलवाएँ और उन से पूछें। इतने नेक और सद-आचरण और मुत्तक़ी और सालिह लोग जो कि हर तरह से अक़्ल और बुद्धिमत्ता रखते हैं ओर सांसारिक रूप अपने उचित रोज़गार वाले हैं। क्या उनको तसल्ली नहीं हुई। क्या उन्होंने ऐसी बातें नहीं देखें जिन पर इन्सान कभी सामर्थ्य वान नहीं है। यदि उनसे प्रश्न किया जाये तो प्रत्येक अपने आपको प्रथम दर्जा का गवाह क़रार देगा। क्या संभव है कि ऐसे हर वर्ग के इन्सान,जिन में बुद्धिमान और गुणी और वैद्य और डाक्टर और सौदागर और सम्मानीय सज्जादा नशीन और वकील शेष पृष्ठ 11 पर

जैसे बादशाहों के निकट सुरक्षा कर्मी होते हैं वैसे ही आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आगे पीछे مُعَقِّبٰت हैं सहाबा भी मेरे निकट उन مُعَقِّبٰت में से थे जो ख़ुदा तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिफ़ाज़त के लिए निर्धारित कर दिए थे

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत रअद की आयत 12 لَهٗ مُعَقِّبٰتٌ مِّنۡۢ بَيۡنِ يَدَيۡهِ وَمِنۡ خَلۡفِهٖ يَحۡفَظُوۡنَهٗ مِنۡ اَمۡرِ اللّٰهِ के विस्तार में फ़रमातेन हैं : لَهٗ مُعَقِّبٰتٌ مِّنۡۢ بَيۡنِ يَدَيۡهِ وَمِنۡ خَلۡفِهٖ- اَیۡ مَلَائِكَةٌ يَتَعَاقَبُوۡنَ عَلَيۡهِ حَافِظِيۡنَ -

مُعَقِّبٰت से मुराद वे फ़रिश्तों की जमात है जो हिफ़ाज़त के लिए एक के बाद एक आते हैं। (मुफ़रिदात)

फ़रमाया : لَهٗ की ज़मीर मेरे निकट आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ज़ात की तरफ़ फिरती है अर्थात जैसे बादशाहों के निकट सुरक्षा कर्मी होते हैं वैसे ही आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के आगे पीछे مُعَقِّبٰت हैं। इन अर्थों का समर्थन एक हदीस से भी होता है। इसलिए अबू नईम ने अल्द्लायेल में और तिबरानी ने अपनी मोअज्जम कबीर में नक़ल किया है कि आमिर इब्ने तुफ़ैल और अर्बुद इब्ने क़ैस दो व्यक्ति आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास आए। आमिर ने कहा कि यदि मैं मुस्लमान हो जाऊं तो क्या वलायत अमर अर्थात अपने बाद ख़िलाफ़त मुझे दे दी जाएगी? हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि तुम्हारी इस शर्त का नतीजा यह होगा कि ख़िलाफ़त तुम्हें और तुम्हारी क़ौम को कभी नहीं मिलेगी। उसने इस बात से नाराज़ हो कर कहा कि फिर में ऐसे सवार लाऊँगा कि तुम याद रखोगे। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि ख़ुदा तुम्हें इस की तौफ़ीक़ ही नहीं देगा। इस पर वे दोनों नाराज़ हो कर चले गए। रास्ता में अर्बुद ने कहा आओ फिर वापिस चलें। मैं मुहम्मद (सल्लल्लाहो शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रोपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेरेहिल अज़ीज़ की यूरोप की यात्रा, मई जून 2015 ई (भाग-12)

सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ वाक़फ़ीन नौ बच्चों की हुज़ूर अनवर के साथ ख़ुसूसी क्लासिज़

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)
(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

31 मई 2015 ई (दिनांक इतवार)

वाक़फ़ीन नौ बच्चों की हुज़ूर अनवर के साथ ख़ुसूसी क्लासिज़

इसके बाद प्रिय हसन अहमद ने "क़ुरआन और विज्ञान" के विषय पर निर्मलिखित मज़मून प्रस्तुत किया

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं :

"क़ुरआन ने लोगों को विज्ञान की शिक्षा से रोका नहीं बल्कि फ़रमाता है :قُلِ انۡظُرُوۡا مَاذَا فِی السَّمٰوٰتِ وَالۡاَرۡضِ ग़ौर करो ज़मीन और आसमान के जन्म में (सूरा यूनुस : 102) आसमान से अर्थात आसमानी ज्ञान और ज़मीन से पृथ्वी अर्थात जियोलोजी, बैलोजी, आर्कियोलॉजी, भौतिक विज्ञान इत्यादि ज्ञान मुराद हैं। यदि ख़ुदा के निकट इन ज्ञान को पढ़ने का परिणाम धर्म से नफ़रत होता तो क़ुरआन कहता इन ज्ञान को कभी न पढ़ना। परन्तु इसके विपरीत वह तो कहता है , ज़रूर ग़ौर करो, इन ज्ञान को पढ़ो और अच्छी तरह छानबीन करो क्योंकि उसे मालूम है ज्ञान में जितनी तरक़्क़ी होगी उस की तसदीक़ होगी। क़ुरआन-ए-करीम की ये आयत भी विज्ञान की ओर ध्यान दिलाती है फ़रमाया : ज़मीन और आसमान के जन्म में और दिन रात के आगे पीछे में अक़्लमंदों के लिए निशान हैं। ज़मीन और आसमान के जन्म में ग़ौर करने से वह यह परिणाम निकालते हैं कि कोई चीज़ व्यर्थ और बेफ़ाइदा पैदा नहीं की गई (आल-ए-इमरान 191-192) अब देखो इस आयत में विज्ञान के सम्बन्ध में कैसी वसीअ शिक्षा दी गई है। चीज़ों के लाभ और फिर यह परिणाम कि कोई चीज़ बेफ़ाइदा पैदा नहीं की गई यह बिना जाँच पड़ताल के कैसे मालूम हो सकता था। अत: क़ुरआन ने विशेष वस्तुओं की ओर ध्यान दिलाया है और साथ ही यह सुनहरी असल भी सिखा दिया है कि किसी चीज़ को बेफ़ाइदा न समझो। हमने कोई चीज़ व्यर्थ पैदा नहीं की। मानो लंबी जाँच पड़ताल जारी रखने और जल्दी करने वाले परिणामों से बचने का आदेश दिया गया है अत: इस्लाम विज्ञान की ओर ध्यान दिलाता है और विज्ञान की तहक़ीक़ातों से इस्लाम का समर्थन होता है।"

(अनवारुल ऊलूम, भाग 9 पृष्ठ 501से 503)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं :

"अंत में मैं नौ जवानों से अपील करता हूँ कि इस्लाम धर्म का अध्ययन करो, क़ुरआन को हाथ में लो और इस पर ग़ौर करो। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि विज्ञान धर्म के विरुद्ध नहीं है। कोई सच्ची विज्ञान धर्म के विरुद्ध नहीं और कोई सच्चा धर्म विज्ञान के विरुद्ध नहीं हो सकता।

तुम अपने धर्म की क़दर करो और इस का सत्कार करो। इस्लामी रूह अपने अंदर पैदा करो। फिर समस्त प्रयास कामयाब होंगे । तुम क़ुरआन को हाथ में लो, उसका अध्ययन करो, उसको ग़ौर से study करो। इस किताब का सत्कार करो। इसकी आयात पर हंसी न करो। केवल كُلُوۡا وَاشۡرَبُوۡا ही याद न हो बल्कि धर्म भी सीखो। याद रखों इस में वह ज्ञान हैं जो समस्त दुनिया की सभ्यता को हेच कर देंगे। तुम यदि इस्लाम का सच्चा उदाहरण इख़तियार करोगे तो तुम को रुहानी और जस्मानी दोनों मामलों में संसार पर बरतरी प्राप्त होगी। ला-इलाहा इल-लल्लाह का नारा फिर बुलंद होगा। और इस्लाम की हुकूमत आज से तेराह सौ वर्ष पूर्व की तरह फिर संसार पर क़ायम होगी। इन शा अल्लाह

(अनवारुल ऊलूम, भाग 9 पृष्ठ 518 से 519)

प्रोग्राम प्रस्तुत किए जाने के बाद हुज़ूर अनवर ने वाक़फ़ीन नौ बच्चों को प्रश्न प्रस्तुत करने की आज्ञा मर्हमत फ़रमाई :

एक वक़्फ़े नौ ने प्रश्न किया : जैसा कि हुज़ूर प्रत्येक ख़ुतबा में फ़रमाते हैं कि प्रत्येक अहमदी को जमाअत के साथ अपना सम्बन्ध और मुहब्बत पुख़्ता करनी चाहिए। इस सिलसिले में मेरा प्रश्न है कि एक वक़्फ़ नौ विद्यार्थी अपने सम्बन्ध को जमाअत से प्रकट और पुख़्ता करने के लिए क्या कर सकता है?

इस प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : सबसे पहला काम यह करना चाहिए कि यदि आप अपने आपको वक़्फ़ नौ समझते हैं और यह विचार करते हैं कि हमारे माँ बाप ने हमें वक़्फ़ किया तो किस लिए किया। क़ुरआन-ए-करीम की इस आयत पर अनुकरण करते हुए किया जिस में हज़रत मर्यम की माता ने कहा था कि जो कुछ मेरे गर्भ में है, मेरे पेट में है में उसे तेरे लिए वक़्फ़ करती हूँ। और यह ख़ुदा तआला को कहा था? तो आपके माता पिता ने आपको ख़ुदा तआला के लिए वक़्फ़ किया है। तो पहले यह समझो कि ख़ुदा है कौन। और जो ख़ुदा तआला ने जन्म का उद्देश्य बताया है उस को समझो। और वह क्या बताया है? कि मेरी इबादत करो। इस लिए अल्लाह से सम्बन्ध पैदा करो और पहली बात तो यह है कि इस आयु में पहले तुम लोगों को पाँच नमाज़ों की ओर ध्यान देना चाहिए। बहुत सारे बच्चे अपने घरों में देख लेते हैं कि कितनी नमाज़ें पढ़ते हैं। या सर्दीयों में या गरमीयों में मौसम की शिद्दत के कारण से यदि नमाज़ें कहीं जमा हो जाएं या मेरे दौरों के कारण से नमाज़ें जमा हो जाएं तो समझते हैं कि तीन नमाज़ें हैं। तो याद रखें कि नमाज़ें पाँच हैं। और समय पर पाँच नमाज़ें अदा करो। पहली बात तो यह कि अल्लाह से सम्बन्ध मज़बूत करो। फिर धर्म का ज्ञान प्राप्त करो। क़ुरआन-ए-करीम को पढ़ो इसका ज्ञान प्राप्त करो। इसको समझो फिर ये इतने ज़्यादा हिदायतों पर जो board लगाए हुए हैं । उन पर अनुकरण करने का प्रयास करो। एक वक़्फ़ नौ को यही करना चाहिए।

एक वक्फ़े नौ ने अर्ज़ की कि मेरा प्रश्न यह है कि मैं आपको नज़म के दो शेअर सुना सकता हूँ?

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने मुस्कुराते हुए फ़रमाया यह प्रश्न तो नहीं उत्तर है। मुस्कुराते हुए फ़रमाया सुना दो

इस लिए बच्चे ने निर्मलिखित दो शेअर सुनाए

सरज़मीन अरब से चली रोशनी
आज तक है सफ़र में वही रोशनी
हम पर एहसान किया है हुज़ूर (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) आप ने
हम अंधेरों में थे हम को दी रोशनी

एक वक्फ़े नौ ने प्रश्न किया : हज़रत-ए-नूह की कश्ती बनने में कितना टाइम लगा था? और किसी मख़लूक़ ने उनकी सहायता की थी?

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : टाइम तो नहीं लिखा हुआ। जब कश्ती बना रहे थे। तो साथ जो उनकी क़ौम थी वहां से गुज़रती थी। क़ुरआन शरीफ़ तो यही बताता है कि वह हंसते थे कि हमारे यहां तो पानी नहीं है, कुछ भी नहीं है, तो कश्ती किस लिए बना रहे हो। हज़रत-ए-नूह अलैहिस्सलाम ने यही उत्तर दिया था आज तुम मुझ पर हंस रहे हो । कल जब तुम्हें इसकी एहमीयत पता चलेगी तो फिर तुम पर मैं हँसूँगा। कश्ती बनाने में कुछ अरसा तो लगा ही होगा और शायद सहायता भी करने वाले उनकी सहायता करते हों जो उन को मानने वाले थे। निर्धारित समय देकर precisely नहीं बताया जा सकता।

एक वक्फ़े नौ बच्चे ने प्रश्न किया : मेरा प्रश्न है कि आप मुझे एक pen देंगे?

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : यह प्रश्न है? यह तो बहुत बड़ा प्रश्न है बैठ जाओ। बाद में किसी समय मुझ से दफ़्तर में ले लेना।

एक वक्फ़े नौ ने कहा कि मेरा प्रश्न है कि जामिया में अपनी मर्ज़ी के कपड़े क्यों नहीं पहन सकते।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल ने फ़रमाया : किस ने कहा नहीं पहन सकते।

इस पर वक़्फ़ नौ लड़के ने कहा कि मैं जामिया गया तो उन सबने एक जैसे कपड़े पहने हुए थे।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया तुम्हारे स्कूल में यूनीफार्म नहीं है।

इस पर उस ने कहा कि नहीं है।

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

“मैं तो यह जानता हूँ कि कोई व्यक्ति मोमिन और मुस्लमान नहीं बन सकता जब तक अबू बकर, उमर, उस्मान, अली रिज़वानुल्लाह अलैहिम अजमईन की भांति बनने का प्रयास न करे” (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा ए राशिद दो नूरों वाले हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं का वर्णन

नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के युग में, हम लोगों में से एक को दूसरे से बेहतर क़रार दिया करते थे और समझते थे कि हज़रत अबू बकर सबसे बेहतर हैं, फिर हज़रत उमर बिन ख़त्ताब, फिर हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु ख़ुदा की कसम अल्लाह तआला ने शेख़ेयेन को और तीसरे जो दो नूरो वाले हैं हर एक को इस्लाम के दरवाज़े और ख़ैरुल्इनाम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की फ़ौज के हर अव्वल दस्ते बनाया है (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

पंद्रह मरहूमीन आदरणीय मुहम्मद सादिक़ साहिब दुर्गा रामपूरी बंगलादेश, आदरणीया मुख़तारां बी-बी साहिबा पत्नी रशीद अहमद अठवाल साहिब दारुल यमन रब्वाह, आदरणीय मंज़ूर अहमद शाद साहिब लंदन, आदरणीया हमीदा अख़्तर साहिबा पत्नी अब्दुर्रहमान सलीम साहिब अमरीका, आदरणीय नासिर पीटर लुतसीन साहिब जर्मनी, आदरणीया रज़िया तनवीर साहिबा पत्नी ख़लील अहमद तनवीर साहिब वायस प्रिंसिपल जामिआ अहमदिया रब्वाह, आदरणीय मियां मंज़ूर अहमद ग़ालिब साहिब आफ़ सरगोधा, आदरणीया बुशरा हमीद अनवर अदनी साहिबा पत्नी हमीद अनवर साहिब आफ़ यमन, आदरणीया नूरुस्सबाह ज़फ़र साहिबा पत्नी मुहम्मद अफ़ज़ल ज़फ़र साहिब मुरब्बी सिलसिला कीनीया, आदरणीय सुलतान अली रिहान साहिब, आदरणीय मौलवी ग़ुलाम क़ादिर साहिब मुबल्लिग़ सिलसिला जम्मू कश्मीर, आदरणीया महमूदा बेग़म साहिबा पत्नी मुहम्मद सादिक़ साहिब आरिफ़ दरवेश क़ादियान, आदरणीय ख़ालिद सादतुल्लाह मिसरी साहिब आफ़ उर्दन, आदरणीय मुहम्मद मुनीर साहिब दारुल फ़ज़ल रब्वाह और आदरणीय मास्टर नज़ीर अहमद साहिब दारुल बरकात रब्वाह का वर्णन और नमाज़ ए जनाज़ा ग़ायब

इस्लाम टीम के तैयार किया गया कुरान ए करीम के नए सर्च इंजन के पहले वर्ज़न के आरंभ का ऐलान

अल-जज़ायर और पाकिस्तान में अहमदियों की मुख़ालिफ़त के दृष्टिगत विशेषता दुआओं की पुनः तहरीक

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 9 अप्रैल 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُلِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन चल रहा था। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का क्या स्थान था, सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु उनको किस तरह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ज़िंदगी में भी और इसके बाद भी देखते थे। इस बारे में रिवायत है। नाफ़े ने हज़रत इब्ने उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत की है। उन्होंने कहा कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के युग में हम लोगों में से एक को दूसरे से बेहतर क़रार दिया करते थे और समझते थे कि हज़रत अबू बकर सबसे बेहतर हैं। फिर हज़रत उमर बिन ख़त्ताब। फिर हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु। बुख़ारी की रिवायत है।

(सही बुख़ारी पुस्तक फ़ज़ायल अस्हाबुन्नबी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बाब फ़ज़ल अबी बक्र बादन्नबी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हदीस नंबर 3655)

और एक दूसरी रिवायत बुख़ारी में इस तरह है। नाफ़े ने हज़रत इब्ने उम्र रज़ियल्लाहु अन्हा से रिवायत की कि उन्होंने कहा कि हम नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के युग में थे। किसी को भी हज़रत अबू बक्र रज़ियल्लाहु अन्हु के बराबर नहीं समझा करते थे। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के बराबर। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के बराबर। फिर नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सहाबा को छोड़ देते थे। उनमें से किसी को एक दूसरे से अफ़ज़ल नहीं समझते थे।

(सही बुख़ारी पुस्तक फ़ज़ायल अस्हाबुन्नबी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बाब मनाक़िब उस्मान .... हदीस 3697)

फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के बाद बेहतरीन लोगों में शुमार होने के बारे में जो रिवायात मिलती हैं इस में मुहम्मद बिन हनफ़ीया की रिवायत है वह वर्णन करते हैं कि मैंने अपने पिता हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से पूछा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के बाद लोगों में सबसे बेहतर कौन है? उन्होंने कहा अबू बक्र रज़ियल्लाहु अन्हु। मैंने पूछा उनके बाद कौन? उन्होंने कहा फिर उमर रज़ियल्लाहु अन्हु। फिर मैंने डरते हुए पूछा कि फिर कौन? तो उन्होंने जवाब दिया कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु। फिर मैंने कहा हे मेरे बाप उनके बाद क्या आप रज़ियल्लाहु अन्हु? तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने जवाब दिया कि मैं तो मुस्लमानों में से एक आम आदमी हूँ।

(सुंन अबी दाऊद पुस्तक अस्सुन्नत बाब फित्तफसील हदीस नम्बर 4629)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से जो सम्बन्ध था और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की नज़र में उनका जो स्थान था उस का अनुमान इस बात से होता है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से द्वेष रखने वाले एक व्यक्ति का जनाज़ा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने नहीं पढ़ा। इस की तफ़सील इस प्रकार वर्णन हुई है। हज़रत जाबिर रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ख़िदमत में एक व्यक्ति का जनाज़ा लाया गया ताकि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उसकी नमाज़ जनाज़ा पढ़ा दें लेकिन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसकी नमाज़ जनाज़ा नहीं पढ़ाई। किसी ने अर्ज़ की हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! इससे पहले हमने कभी नहीं देखा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने किसी की नमाज़ जनाज़ा छोड़ी हो। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया यह व्यक्ति उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से द्वेष रखता था। अत: अल्लाह तआला भी इस से दुश्मनी रखता है।

(सुंन अल्-तिरमज़ी अबवाब मनाकिब बाब फ़ी मनाक़िब उस्मान... हदीस नंबर 3709)

फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के इन्साफ़ के बारे में रिवायत आती है कि किस तरह उन्होंने अपने भाई का भी क़सूर साबित होने पर उनको सज़ा देने को कहा। अबैदुल्लाह बिन अदी ने वर्णन किया हज़रत मिसवर बिन मख़रमा रज़ियल्लाहु अन्हु और अब्दुर्रहमान रज़ियल्लाहु अन्हु बिन अस्वद बिन अब्दे यग़ूस दोनों ने मुझे कहा कि तुम्हें क्या बात रोकती है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से उनके भाई वलीद के सम्बन्ध में बात चीत करो क्योंकि लोगों ने उनके सम्बन्ध में कुछ ग़लत बातों की वजह से बहुत चिमीगोइयां की हैं तो मैं हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के पास गया। वह नमाज़ के लिए बाहर आए। मैंने कहा आप रज़ियल्लाहु अन्हु से मुझे एक काम है और वह आप रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़ैर ख़्वाही है। हज़रत

उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा भले आदमी तुम से ...। मुअम्र ने कहा। मैं समझता हूँ उन्होंने कहा है उनका पैग़ाम ले के आया है तू। फिर कहा मैं तुमसे अल्लाह की पनाह मांगता हूँ। यह सुनकर वह व्यक्ति जो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के पास गया था वहां से चल दिया और उन लोगों के पास वापिस आया। इतने में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का पैग़ाम्बर आया और में उनके पास गया। उन्होंने पूछा तुम्हारी ख़ैर ख़्वाही क्या है? कहता था नाँ आपकी ख़ैर ख़्वाही चाहता था। तो मैंने कहा अल्लाह सुब्हाना ने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सच्चाई के साथ मबऊस फ़रमाया और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर पुस्तक नाज़िल की और आप रज़ियल्लाहु अन्हु भी उन्ही लोगों में से हैं जिन्हों ने अल्लाह और उसके रसूल सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की दावत क़बूल की और आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने दो हिजरतें कीं और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का साथ दिया और आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने हुज़ूर का तरीक देखा और फिर मैंने कहा कि वलीद जो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के भाई थे उसके सम्बन्ध में लोग बहुत कुछ कह चुके हैं। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने मुझ से पूछा और कहा क्या तुम ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का ज़माना पाया? मैंने कहा नहीं लेकिन आप रज़ियल्लाहु अन्हु के इलम से वे बातें मुझे पहुंची हैं। ज़माना तो नहीं पाया लेकिन वे बातें मुझ तक पहुंची हैं जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के युग की थीं और जो एक कुँवारी औरत को भी उस के पर्दे में पहुँचती हैं। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि इसके बाद। अल्लाह ने वास्तव में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सच्चाई के साथ भेजा और में उन लोगों में से हूँ जिन्हों ने अल्लाह और उसके रसूल की दावत क़बूल की और में उन समस्त बातों पर ईमान लाया जिनके साथ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम भेजे गए और मैंने दो हिजरतें भी कीं जैसा कि तुम ने कहा और मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमके साथ रहा और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बैअत की और अल्लाह की क़सम मैंने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ना-फ़रमानी नहीं की और न आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से कोई धोखा किया यहां तक कि अल्लाह ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को वफ़ात दी। फिर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु भी मेरे लिए वैसे ही आज्ञाकारी रहे। हज़रत उम्र रज़ियल्लाहु अन्हु भी वैसे ही आज्ञाकारी रहे, उनकी भी मैंने इताअत की। फिर मुझे ख़लीफ़ा बनाया गया तो क्या मेरा भी वही हक़ नहीं जो उनका है, जो पहले दो खलिफ़ा का है। मैंने कहा क्यों नहीं। तो उन्होंने फ़रमाया फिर क्या बातें हैं जो तुम्हारी तरफ़ से मुझे पहुँचती रहती हैं और यह जो वलीद के मुआमले के सम्बन्ध में तुम ने वर्णन किया है तो हम इन शा अल्लाह उस को वाजिबी सज़ा देंगे अर्थात जो सज़ा इस जुर्म के लिए है जो जुर्म उस के बारे में कहा जा रहा है कि उसने किया तो उस की सज़ा देंगे। फिर उस के बाद उन्होंने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को बुलाया और उनसे फ़रमाया कि इसको कोड़े लगाऐं तो उन्होंने उस को अस्सी कोड़े लगाए।

(सही बुख़ारी पुस्तक असहाबुन्नबी बाब मनाक़िब उसमान हदीस 3696)

हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वली अल्लाह शाह साहिब इस की व्याख्या में वर्णन करते हैं। यह बुख़ारी की रिवायत है कि "वलीद बिन उक़बा के ख़िलाफ़ ताज़ीर आयद करने का जो वर्णन है इसका सम्बन्ध शराब पीने के आरोप से है। गवाही से साबित होने पर कि वह ज़माना ए-जाहिलीयत वाली शराब ही थी न कि मुनक्का या खजूर का शर्बत। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने रिश्तेदारी का ख्याल नहीं फ़रमाया बल्कि रिश्तेदारी की वजह से उसे दो गुना सज़ा दी। बजाय चालीस के अस्सी कोड़े लगवाए और ये संख्या हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के कर्म से साबित थी।" (उर्दू अनुवाद सही बुख़ारी भाग 7 पृष्ठ 192 प्रकाशन नज़ारत इशाअत रब्वाह)

फिर एक रिवायत में आता है अता बिन यज़ीद ने उन्हें ख़बर दी कि हुमरान ने जो कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के आज़ाद करदा ग़ुलाम थे उन्हें बताया कि उन्होंने हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु को देखा कि उन्होंने एक बर्तन मंगवाया और अपने दोनों हाथ तीन बार पानी डाल कर धोय। फिर अपना दायाँ हाथ बर्तन में डाला और कुल्ली की और नाक साफ़ किया। फिर अपना मुँह और दोनों हाथ कोहनियों तक तीन बार धोय फिर अपने सिर का मस्ह किया फिर अपने दोनों पांव टख़नों तक तीन तीन बार धोए। फिर कहा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते थे कि जिसने मेरे इस वुज़ू की तरह वुज़ू किया और फिर इस तरह दो रकातें नमाज़ पढ़ीं कि उनमें अपने नफ़्स से बातें न कीं तो जो गुनाह भी इस से पहले हो चुके हैं उन सबसे उस की मग़फ़िरत की जाएगी।

(सही बुख़ारी पुस्तक अल्वज़ू बाबुल वज़ू ,सलासा सलास हदीस 159)

जुमा के दिन दूसरी अज़ान का जो इज़ाफ़ा हुआ है यह हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के युग में हुआ अर्थात पहली अज़ान जो होती है। इस की तफ़सील इस प्रकार वर्णन हुई है। ज़ोहरी ने सायब बिन यज़ीद से रिवायत की कि जुमा के दिन पहली अज़ान नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और हज़रत अबू बकर और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हा के युग में उस वक़्त हुआ करती थी जब इमाम मिंबर पर बैठता था। जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का ज़माना हुआ और लोग बहुत हो गए तो उन्होंने ज़ौरा में तीसरी अज़ान बढ़ा दी। अबू अब्दुल्लाह ने कहा कि ज़ौरा के बाज़ार में एक स्थान है।

(सही बुख़ारी पुस्तक अल्जुअतो बाबुल आज़ान यौमुन हदीस 912)

फ़िक़्हा अहमदिया में भी इस के सम्बन्ध में हदीस के हवाले से लिखा हुआ है कि "आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और हज़रत अबू बकर और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हा के ज़माना में जुमा के दिन मिंबर के पास (जो वास्तव में मस्जिद के अंदर रखा हुआ था) एक ही अज़ान दी जाती थी। बाद में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माना में दूसरी अज़ान का रिवाज पड़ा जो मस्जिद के दरवाज़े पर पड़े हुए एक बड़े पत्थर पर खड़े हो कर दी जाती थी जिसका नाम ज़ौरा था।"

(फ़िक़्हा अहमदिया (इबादात पृष्ठ 122)

सही बुख़ारी की शरह "नेअमतुल बारी" में इस हदीस की शरह में लिखा है। "इब्ने शहाब ज़ोहरी ने सायब से रिवायत की है कि इस बाब की हदीस में इस को तीसरी अज़ान जो कहा है वह इक़ामत के एतबार से है।"

(नाम अलबारी फ़ी शरह सही बुख़ारी भाग 2 पृष्ठ 837 हदीस नंबर 912 रूमी पब्लिकेशन लाहोर 2013 ई.)

पहले दो अज़ानें थीं। तीसरी अज़ान दिलवाई जाती थी। पहली रिवायत जो मैंने पढ़ी थी इसमें लिखा था नाँ कि लोग बहुत हो गए तो उन्होंने ज़ौरा में तीसरी अज़ान बढ़ा दी। तीसरी अज़ान से मुराद यह है कि पहली अज़ान, दूसरी अज़ान यह और तकबीर जो है इस को भी अज़ान के नाम से कहा गया है इस तरह तीन दफ़ा नमाज़ के लिए बुलाया जाता है।

ईद के दिन जुमा की नमाज़ से छूट के बारे में भी रिवायत मिलती है। इब्ने अज़्हर आज़ाद करदा ग़ुलाम अबू उबैद वर्णन करता है कि उसने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की अनुकरण में एक ईदुल अज़्हा के दिन नमाज़ई-ए- ईद अदा की। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने ख़ुत्बा से पूर्व नमाज़ पढ़ाई। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने लोगों से ख़िताब फ़रमाया और कहा लोगो! वास्तव में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने तुम्हें इन दो ईदों में रोज़ा रखने से मना फ़रमाया है। उनमें से एक तो रोज़ों के इफ़्तार होने की ख़ुशी में ईद का दिन है और दूसरा वह दिन है जब तुम अपनी क़ुर्बानीयों में से खाते हो। अबू उबैयद कहता है कि फिर उसने हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु के युग में आप रज़ियल्लाहु अन्हु के पीछे एक ईद पढ़ी। वह जुमा का दिन था। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने ख़ुत्बा से पूर्व नमाज़ पढ़ाई। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने लोगों से ख़िताब फ़रमाया और कहा लोगो! यह वह दिन है जिसमें तुम्हारे लिए दो ईदें इकट्ठी हो गई हैं। अतः मदीना के आस पास में रहने वालों में से जो जुमा का इंतिज़ार करना चाहता है तो वह इंतिज़ार कर सकता है और जो वापिस जाना पसंद करता है तो इस को मेरी तरफ़ से वापिस जाने की आज्ञा है।

(सही बुख़ारी पुस्तक किताबुल अज़ाही बाब मा कूकलो सल लहूमुल अजाही वमा यतज़व्वदो मिन्हा हदीस 5571-5572)

फ़िक़्हा अहमदिया में एक चीज़ जो लिखी गई है उस पर मुझे तो अभी तक कोई वाज़िह सबूत नहीं मिले। वहां यह लिखा हुआ है कि यदि जुमा और ईद एक रोज़ जमा हो जाएं तो ईद की नमाज़ के बाद न जुमा पढ़ा जाए और न ज़ुहर बल्कि अस्र के वक़्त में अस्र की नमाज़ पढ़ी जाए।

"इस लिए अता बिन अबी रबाह कहते हैं कि एक-बार जुमा और ईदुल फितर दोनों एक दिन में इकट्ठे हो गए। हज़रत अबद अल्लाह बिन ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया एक दिन में दो ईदें जमा हो गई हैं उनको इकट्ठा करके पढ़ा जाएगा। इस लिए आपने दोनों के लिए दो रकातें दोपहर से पहले पढ़ीं। इसके बाद अस्र तक कोई नमाज़ ना पढ़ी। अर्थात उस दिन सिर्फ नमाज़-ए-अस्र अदा की।"

(फ़िक़्ह अहमदिया(इबादात पृष्ठ 177)

इस बारे में अभी मज़ीद तहक़ीक़ की ज़रूरत है। हज़रत ख़लीफ़ उल-मसीह राबे रहमहुल्लाह तआला भी यही फ़रमाया था। और तहक़ीक़ की थी।

(ख़ुतबात-ए-ताहेर भाग 6 पृष्ठ 374 ख़ुत्त्बा जुमा वर्णन फ़र्मूदा 29 मई 1987 ई.)

पहले मेरा ख़्याल था कि ज़रूरत नहीं फिर क्योंकि कोई और ऐसी रिवायात नहीं मिलें जो सीधे आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के कर्यो से या अमल से साबित होती हो जबकि ज़ुहर की नमाज़ भी छोड़ी गई हो। यही एक रिवायत है जो हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने की। तो इस बारे में मज़ीद तहक़ीक़ की ज़रूरत है। फ़िक़्हां दुबारा रिवायज़ (revise) हो रहा है। मेरा ख़्याल है इस बात को मज़ीद ग़ौर से देखने की ज़रूरत है कि कहाँ तक यह सही है कि ज़ुहर की नमाज़ भी न पढ़ी जाए। जुमा तो ठीक है नहीं पढ़ा जाएगा लेकिन यह कहना कि ज़ुहर की नमाज़ भी नहीं पढ़ी जाए इस में सिवाए उस रिवायत के आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से सीधे या ख़ुलफ़ाए राशिदीन से सीधे कोई ऐसी रिवायत नहीं मिलती या अभी तक सामने नहीं आई। जहां तक मैंने तहक़ीक़ करवाई है।

जुमा के दिन नहाने के बारे में रिवायत है। हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि हज़रत उमर बिन खत्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु जुमा के दिन लोगों को ख़ुत्त्बा दे रहे थे कि हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु दाख़िल हुए तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनके सम्बन्ध में इशारा करते हुए फ़रमाया। लोगों को क्या हो गया है कि वह अज़ान के बाद भी देर से आते हैं? इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा हे अमीरुल मोमिनीन! मैं तो अज़ान सुनते ही वुज़ू कर के चला आया हूँ। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा सिर्फ वुज़ू। क्या आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को फ़रमाते हुए नहीं सुना कि जब तुम में से कोई जुमा के लिए आए तो चाहिए कि वह नहाया करे।

(सही मुस्लिम पुस्तक हदीस 1956)

यदि पानी उपलब्ध है, सहूलतें उपलब्ध हैं तो नहाना ज़रूरी है। "सिलसिला अहादीस में दूसरे सहाबा की निसबत हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से मर्फ़ू अहादीस बहुत कम मर्वी हैं। आपकी समस्त रिवायतों की संख्या 146 है जिनमें तीन मुत्तफ़िक़ अलैह हैं अर्थात बुख़ारी और मुस्लिम दोनों में मौजूद हैं और आठ सिर्फ़ बुख़ारी में और पाँच सिर्फ़ मुस्लिम में हैं। इस तरह सहीहीन में आप रज़ियल्लाहु अन्हु की कुल सोला हदीसें हैं। उनकी रिवायात की क़िल्लत का कारण यह है कि वह रिवायात हदीस में "अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु रिवायात हदीस में" हद दर्जा के सचते थे। फ़रमाते थे कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से वर्णन करने में यह चीज़ रोक होती है कि शायद अन्य सहाबा के मुक़ाबले में मेरा हाफ़िज़ा ज़्यादा मज़बूत न हो।" कहते हैं कोई बात मैं वर्णन करूँ तो यह रोक होती है कि यह न हो कि दूसरे सहाबा के मुक़ाबले में मेरा हाफ़िज़ा इतना मज़बूत न हो और उनकी बात सही हो। इसलिए मैं रिवायात वर्णन करने में बड़ा सचेत हूँ। फ़रमाया कि "लेकिन मैं गवाही देता हूँ कि मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को यह कहते सुना है कि जो व्यक्ति मेरी तरफ़ वे स्मोब सम्बोधित करेगा जो मैंने नहीं कहा है वह अपना ठिकाना जहन्नुम बना ले। इसी लिए वह (हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु) हदीस की रिवायत में सख़्त एहतियात करते थे।'' "अब्दुर्रहमान बिन हातिब का वर्णन है कि मैंने किसी सहाबी को हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से ज़्यादा पूरी बात करने वाला नहीं देखा लेकिन वह हदीस वर्णन करते डरते थे।"

(सैरुल सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु ख़ुलफ़ाए राशिदीन लेखक शाह मुईनुद्दीन अहमद नदवी भाग 1 पृष्ठ 204)

हुमरान बिन अबान कहते हैं कि एक मर्तबा हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु ने वुज़ू के लिए पानी मंगवाया। कुल्ली की और नाक में पानी डाला और तीन मर्तबा चेहरा धोया और बाज़ुओं को तीन तीन मर्तबा धोया और सिर पर और दोनों पांव के ऊपर वाले हिस्सा पर मस्ह फ़रमाया। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु हंस पड़े। फिर अपने साथियों से कहा। क्या तुम मुझ से हँसने की वजह नहीं पूछोगे? उन्होंने कहा हे अमीर-ऊल-मोमनीन आप रज़ियल्लाहु अन्हु क्यों हँसे थे? फ़रमाया मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को देखा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इसी जगह के क़रीब पानी मंगवाया। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इसी तरह वुज़ू किया जैसा कि मैंने वुज़ू किया है। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हस दिए। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सहाबा से फ़रमाया क्या तुम मुझ से नहीं पूछोगे कि मैं किस वजह से हसा हूँ? उन्होंने अर्ज़ किया हे रसूलुल्लाह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम किस वजह से हँसे हैं आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया इन्सान जब वुज़ू का पानी मंगवाए और अपना चेहरा धोए तो अल्लाह उस के समस्त गुनाह माफ़ फ़र्मा देता है जो चेहरे से होते हैं। फिर जब वो अपने बाज़ू धोता है तब भी ऐसा ही होता है। फिर जब वह अपने सिर का मस्ह करता है तब भी ऐसा ही होता है और जब वह अपने पांव पाक करता है तब भी ऐसा ही होता है।

(मस्नद अहमद बिन हम्बल भाग पृष्ठ 201 मस्नद उस्मान बिन अफ़्फ़ान, हदीस नंबर 415 अलेमुल क़ुतुब बेरूत 1998 ई.)

यह रिवायत असल में तो पहली वुज़ू वाली रिवायत के साथ ही वर्णन होनी चाहिए थी। बहरहाल अब वर्णन हो गई।

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की शादियां और औलाद के सम्बन्ध में जो रिवायात हैं उसके मुताबिक़ हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने आठ शादियां कीं। यह सब शादियां इस्लाम क़बूल करने के बाद कीं। आप रज़ियल्लाहु अन्हु की पत्नियाँ और औलाद के नाम निम्नलिखित हैं। हज़रत रुक़य्या पुत्री रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम। आप रज़ियल्लाहु अन्हा के गर्भ से आप रज़ियल्लाहु अन्हु के फ़र्ज़ंद अब्दुल्लाह बिन उस्मान पैदा हुए। हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा पुत्री रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम। हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात के बाद हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने आप रज़ियल्लाहु अन्हा से शादी की। हज़रत फ़ाख़ता पुत्री ग़ज़वां रज़ियल्लाहु अन्हु। आप हज़रत उत्बा बिन ग़ज़वां रज़ियल्लाहु अन्हा की बहन थीं। उनके गर्भ से आप रज़ियल्लाहु अन्हु के हाँ बेटा पैदा हुआ जिसका नाम भी अब्दुल्लाह था और उस को अब्दुल्लाह अल्असग़र कहा जाता था। हज़रत उम्मे अम्र पुत्री जुन्दब अज़्दिया। उनके गर्भ से अम्र, ख़ालिद, अबान, उमर और मर्यम का जन्म हुआ। हज़रत फ़ातिमा पुत्री वलीद मख्ज़ूमिया रज़ियल्लाहु अन्हा। उनके गर्भ से वलीद, सईद और उम्मे सईद का जन्म हुआ। हज़रत उम्मुल बनीन पुत्री उयैना बिन हिसन फ़ज़ारिया रज़ियल्लाहु अन्हा। उनके गर्भ से आप रज़ियल्लाहु अन्हु के पुत्र अब्दुल मालिक का जन्म हुआ। हज़रत रमला पुत्री शेयबिया बिन रबीया रज़ियल्लाहु अन्हा। उनके गर्भ से आयशा, उम्मे अबान और उम्मे अम्र का जन्म हुआ। हज़रत नायला पुत्री फ़्राफ़यसा बिन अहवयसा पहले ईसाई थीं लेकिन विदाई से पूर्व इस्लाम क़बूल कर लिया था और अच्छी मुस्लमान साबित हुईं। उनसे आप रज़ियल्लाहु अन्हु की बेटी मर्यम पैदा हुईं। कहा जाता है कि एक बेटा अंबसा भी पैदा हुआ था। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की जब शहादत हुई तो उस वक़्त एक रिवायत के अनुसार आप की ये चार पत्नियाँ आप के पास थीं। हज़रत रमलहर ज़ियल्लाहु अन्हा और हज़रत नायला रज़ियल्लाहु अन्हा और हज़रत उम्मुल बनीन और हज़रत फ़ाख़ता रज़ियल्लाहु अन्हा जबकि एक और रिवायत के अनुसार घेराव के दिनों में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उम्मुल बनीन को तलाक़ दे दी थी।

(तारीख़ तिब्री भाग 5 पृष्ठ 200 ज़कर औलादुहू व अज़वाजुहू सुम्मा दख़लत सनत ख़मसीन व सलासीन ,दारुल फ़िकर बेरूत 1998 ई.) (सीरत अमीरुल मोमिनीन उस्मान बिन अफ़्फ़ान, सलाबी से पृष्ठ 17 17 अल्फसलुल अव्वल अल्मबहस अव्वल इस्मुहू व नसबहू व कुन्नियतहू दारुल मआरफ बैरूत 2006 ई.)

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत नूर की तफ़सीर करते हुए वर्णन फ़रमाते हैं। अल्लाह तआला फ़रमाता है कि एक नूर मार्फ़त का होता है जिस से भले बुरे का अंतर किया जाता है। वह नूर उन घरों में होता है जिन घरों में सुबह शाम अल्लाह तआला का वर्णन होता है। वहां जो लोग रहते हैं वे ताजिर हैं। उनके घर छोटे हैं परन्तु किसी दिन अल्लाह उनके घरों को बड़ा बना देगा। इस लिए इस क़ुरआन शरीफ़ का जमा करने वाला हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु है। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु उस को प्रकाशित करने वाले हैं। फिर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु जिनसे सच्चे रुहानी उलूम दुनिया में पहुंचे। हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि मैंने भी स्वयं हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु सीधे क़ुरआन के कुछ मआरिफ़ सीखे हैं। फिर हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि अल्लाह तआला ने इन रुकुओं में यह भी बता दिया है कि अंसार में ख़िलाफ़त न होगी बल्कि मुहाजिरीन में। फिर यह बताया कि उनका मुक़ाबला मुस्लमान भी करेंगे और कुफ़्फ़ार भी। इस लिए हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की मुख़ालिफ़त इसी तरह हुई। कुछ लोग ख़िलाफ़त के क़ायल न थे। अल्लाह तआला ने दोनों की मिसाल दी कि एक वे जो कलर के बुख़ारात को पानी समझे। दूसरे वे जो शरीयत के समुंद्र में भी हो कर मुक़ाबला करेंगे। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि अंजाम यह कि पशु पक्षी उनका गोश्त खाएँगे। ख़ुलफ़ाए राशिदीन में से हज़रत अबू बक्र रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए बहुत मुश्किलात थीं। लश्कर हज़रत उसामा के साथ

रवाना कर दिया गया था। उधर अरब में बग़ावत फैल गई। मक्का में लोग बग़ावत के तैयार थे कि वहां एक अक़्लमंद इन्सान पहुंच गया, उसने मक्का वालों को कहा कि तुम ईमान लाने में सबसे पीछे थे अब मुर्तद होने में सबसे पहले हो। इस पर वे रुक गए। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं إِذَا فَرِيقٌ مِّنْهُم مُّعْرِضُونَ (नूर: 49) में जिस गिरोह का वर्णन है वे न हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु के युग में, ना हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के युग में, न हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु और अली रज़ियल्लाहु अन्हु के युग में उद्देश्य कभी भी सफ़ल और कामयाब नहीं हुआ। ये गिरोह कभी कामयाब नहीं हुआ। परन्तु दूसरा फ़रीक़ سَمِعْنَا وَأَطَعْنَا (अल्बक़रा 286) कहने वाला है। सफ़ल और कामयाब रहा। हमेशा कामयाब रहा। इस लिए क़ुरआन मजीद ने फ़रमाया है وَ أُولَٰئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُونَ (अल्बक़रा 6)

(उद्धरित हक़ायकुल फुर्क़ान भाग 3 पृष्ठ 223)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम वर्णन फ़रमाते हैं कि "मैं तो यह जानता हूँ कि कोई व्यक्ति मोमिन और मुस्लमान नहीं बन सकता जब तक अबू बकर, उमर, उस्मान, अली रिज़वानुल्ला अलैहिम अजमाईन का सा रूप धारण न करे ले। वे दुनिया से मुहब्बत नहीं करते थे बल्कि उन्होंने अपनी ज़िंदगियां ख़ुदा तआला की राह में वक़्फ़ की हुई थीं।"

(लैक्चर लुधयाना, रुहानी ख़ज़ायन भाग 20 पृष्ठ 294)

फिर आप फ़रमाते हैं "यह अक़ीदा ज़रूरी है कि हज़रत सिद्दीक़ ए अकबर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत फ़ारूक़ उमर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत ज़ू नूरेयन (दो नूरो वाले) रज़ियल्लाहु अन्हु अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु और "हज़रत अली मुर्तज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु सब वाक़ई तौर पर दीन में सच्चे थे। अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु जो इस्लाम के आदमे सानी हैं और ऐसा ही हज़रत उमर फ़ारूक़ और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हा यदि दीन में सच्चे अमीन न होते तो आज हमारे लिए मुश्किल था जो क़ुरआन शरीफ़ की किसी एक आयत को भी ख़ुदा की ओर से होना बता सकते।''(मक्तूबाते अहमद भाग 2 पृष्ठ 151पत्र नंबर 2 पत्र हज़रत ख़ान साहब मुहम्मद अली ख़ान साहब के नाम प्रकाशन रब्वाह)

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "ख़ुदा की क़सम ख़ुदा ने दोनों शेख़ों (अबू बक्र[रज़ि.] तथा उमर[रज़ि.]) को और तीसरे जो ज़ुन्नूरैन हैं प्रत्येक को इस्लाम के दरवाज़े तथा ख़ैरुलअनाम (मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की सेना का हरावल दस्ता बनाया है। तो जो व्यक्ति उनकी श्रेष्ठता से इन्कार करता है और उनके ठोस तर्क को तुच्छ समझता है और उनके साथ आदर पूर्वक व्यवहार नहीं करता बल्कि उनका अनादर करता है तथा उन्हें बुरा-भला कहने पर तत्पर रहता और गालियां देता है।

मुझे उसके बुरे अंजाम और ईमान के समाप्त हो जाने का भय है और जिन्होंने उनको दुख दिया उनकी निन्दा की और झूठे आरोप लगाए तो दिल की कठोरता और कृपालु (रहमान) ख़ुदा का प्रकोप उन का अंजाम हुआ। मेरा अनेकों बार का अनुभव है और मैं इस को स्पष्ट तौर पर अभिव्यक्त भी कर चुका हूं कि इन सादात से शत्रुता और द्वेष रखना बरकतें प्रकट करने वाले ख़ुदा से सर्वाधिक संबंध विच्छेद करने का कारण है और जिसने भी इन से शत्रुता की तो ऐसे व्यक्ति पर रहमत (दया) और हमदर्दी के समस्त मार्ग बन्द कर दिए जाते हैं और उसके लिए ज्ञान और इर्फ़ान के दरवाज़े खोले नहीं जाते और ख़ुदा उन्हें संसार के आनन्दों तथा कामवासना संबंधी इच्छाओं के गड्ढों में गिरा देता है और उसे (अपनी चौखट से) दूर रहने वाला तथा वंचित कर देता है।"

(सिर्रुलख़िलाफ़त, उर्दू अनुवाद प्रकाशन नज़ारत इशाअत रब्वाह पृष्ठ 28-29)

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के बाद जो कुछ इस्लाम का बना है वे अस्हाबे सलसा से ही बना है।'' (मलफ़ूज़ात भाग6 पृष्ठ 414) अर्थात हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु, उमर रज़ियल्लाहु अन्हु और उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु।

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम अहले तशीअ का वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "हम तुम्हारी गालियों का शिकवा क्या करें क्योंकि तुम समस्त सहाबा को गालियां देते हो परन्तु कुछ को छोड़ कर तथा तुम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बीवीयों उम्माहातुलल-मोमनीन को लानत से याद करते हो और समझते हो कि ख़ुदा की पुस्तक में कुछ ज़्यादा और कम किया गया है और कहते हो कि वे ब्याज़ ए उस्मान है और ख़ुदा की तरफ़ से नहीं है तुमने इस्लाम को ऐसा समझ लिया जैसा कि एक ब्याबान जिसकी ज़मीन ख़ुशक और ज़राअत से ख़ाली है अर्थात ख़ुदा के मुक़र्रिबों से ख़ाली है।" फिर फ़रमाया "अत: कौन सी इज़्ज़त तुम्हारे हाथों से बाक़ी रही हे सीमा पार करने वालो!?"

(हज अल्लाह,रुहानी ख़ज़ाइन भाग 12 पृष्ठ 184-185)

फिर आप फ़रमाते हैं "मुझे मेरे रब्ब की ओर से ख़िलाफ़त के बारे में अन्वेषण की दृष्टि से शिक्षा दी गयी है और मैं अन्वेषकों की तरह उस वास्तविकता के मर्म तक पहुंच गया तथा मेरे रब्ब ने मुझ पर यह प्रकट किया कि सिद्दीक़ और फ़ारूक़ और उस्मान (रज़ियल्लाहु अन्हुम) सदाचारी और मोमिन थे तथा उन लोगों में से थे जिन्हें अल्लाह ने चुन लिया और जो कृपालु ख़ुदा की अनुकंपाओं से विशिष्ट किए गए और अधिकांश मारिफ़त रखने वालों ने उनकी ख़ूबियों की गवाही दी।

उन्होंने बुज़ुर्ग एवं सर्वश्रेष्ठ ख़ुदा की प्रसन्नता के लिए देश-त्याग किया प्रत्येक युद्ध की भट्टी में प्रविष्ट हुए और गर्मी के मौसम की दोपहर की गर्मी तथा सर्दियों की रात की ठंडक की परवाह न की बल्कि नवोदित युवकों की तरह धर्म के मार्गो पर अपनी चाल में लीन हो गए और अपनों तथा ग़ैरों की ओर न झुके तथा समस्त लोकों के प्रतिपालक ख़ुदा के लिए सब को अलविदा कह दिया। उन के कर्मों में सुगंध तथा उनके कार्यों में ख़ुशबू है और यह सब कुछ उनके पदों के उद्दानों तथा उनकी नेकियों की पुष्प वाटिकाओं की ओर मार्ग-दर्शन करता है और उनकी सवेरे की मृदुल-मंद समीर अपने सुगंधित झोकों से उन के रहस्यों का पता देती है और उनके प्रकाश अपनी पूर्ण आभाओं से हम पर प्रकट होते हैं। तो तुम उनके पदों की चमक-दमक का उनकी सुगंध से पता लगाओ और जल्दबाज़ी करते हुए कुधारणाओं का अनुकरण मत करो तथा कुछ रिवायतों का सहारा न लो क्योंकि उनमें बहुत ज़हर और बड़ी अतिशयोक्ति है तथा वे विश्वसनीय नहीं होतीं। उनमें से बहुत सारी रिवायतें उथल-पुथल करने वाली आंधी और वर्षा का धोखा देने वाली बिजली के समान हैं। अत: अल्लाह से डरो और उन (रिवायतों) का अनुकरण करने वालों में से न बन।

(सिर्रुलख़िलाफ़त, उर्दू अनुवाद प्रकाशन नज़ारत इशाअत पृष्ठ 25-26)

इसके साथ ही हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन ख़त्म होता है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन इन शा अल्लाह आगे शुरू होगा।

आज भी एक तो यह है कि 'अल-इस्लाम' ने क़ुरआन सर्च की नई वेब साइट का पहला वर्ज़न (version) तैयार किया है। Holy quran.io यह वेबसाइट अल-इस्लाम से अलैहदा देखा जा सकता है। किसी भी सूरत, आयत, शब्द या मज़मून को अरबी अंग्रेज़ी या उर्दू में एक नई सर्च इंजन के द्वारा तलाश किया जा सकता है और सर्च नतायज को अहमदी और ग़ैर अहमदी अनुवाद के साथ भी देखा जा सकता है। हर आयत के साथ उस की तफ़सीर, मज़ामीन और सम्बंधित आयात देखी जा सकती हैं। मज़ीद मवाद पर भी काम जारी है और इन शा अल्लाह उस का अगला हिस्सा जलसा सालाना यू के के 2021 ई. तक तैयार किया जाएगा। इस के अतिरिक्त अल-इस्लाम वेब साइट पर क़ुरआन पढ़ने सुनने और सर्च की वेबसाइट readquran.app का भी नया सुंदर वर्ज़न तैयार कर लिया गया है जिस में अंग्रेज़ी तफ़ासीर के साथ तफ़सीर ए सग़ीर के नोटिस अंग्रेज़ी शब्द शब्द के साथ अनुवाद, मज़ामीन का इंडैक्स और बहुत सी लाभदायक बढ़ोतरियाँ जो प्रतिदिन की तिलावत से क़ुरआन में मुफ़ीद होंगे शामिल किए गए हैं। अल्लाह तआला से दुआ है कि यह प्राजैक्ट क़ुरआन ए करीम की ख़ूबसूरत शिक्षा को दुनिया में फैलाने का कारण बने और जमात के लोग भी इन से भरपूर फ़ायदा हासिल करने वाले हों।

इसके साथ ही में पाकिस्तान के अहमदियों के लिए भी दुआ की दरख़ास्त करता हूँ। अल्लाह तआला उनके भी हालात बदले। उनके लिए आसानीयां पैदा करे। इसी तरह अल-जज़ायर के अहमदियों के लिए भी। अल्लाह तआला उनको भी सबात ए क़दम अता करे और उनके हालात में तबदीली पैदा करे।

अब मैं कुछ वफ़ात पाने वालों का वर्णन करूँगा जिनके जनाज़े भी पढ़ाऊंगा। अब जो बहुत सारी दरख़ास्तें आती हैं तो मुश्किल है कि हर एक का यहां वर्णन किया जाए और जनाज़ा पढ़ाया जाए बहरहाल कुछ का मैं वर्णन कर रहा हूँ। बाक़ी मैंने इनमें शामिल कर लिए हैं। उनका नाम लिए बग़ैर ही वे शामिल हैं। अल्लाह तआला इन सबसे मग़फ़िरत और रहम का सुलूक फ़रमाए। बहरहाल जिनका वर्णन करना है वे मैं अब पढ़ देता हूँ। उनमें आदरणीय मुहम्मद सादिक़ साहिब दुर्गा रामपूरी हैं। यह मुहम्मद सादिक़ साहिब दुर्गा रामपूरी ढाका बंगला देश हैं। 14 नवंबर 2020 ई. को 75 वर्ष की आयु में वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन।

मरहूम ने दीगर ओहदों के अतिरिक्त लम्बे समय तक नैशनल सैक्रेटरी वक़्फ़ नौ के तौर पर ख़िदमत की तौफ़ीक़ पाई। वाकफ़ीन नौ और माता पिता के साथ क्लासिज़ के एहतिमाम के लिए दूर दराज़ की जमातों का बाक़ायदा दौरा किया करते थे और नियमित रूप से यह मस्जिद जाया करते थे जब तक उन्हें बीमारी ने मजबूर

नहीं किया। मरहूम मूसी थे और उनके पीछे रहने वालों में पत्नी के अतिरिक्त तीन बेटे और एक बेटी शामिल हैं।

अगली एक महिला हैं मुख़्तारां बी-बी साहिबा पत्नी रशीद अहमद उठवाल साहिब दारुल यमन रब्वाह। यह नईम बाजवा साहिब प्रिंसिपल जामिआतुल मुबश्शिरीन बुर्कीना फासो की सास हैं। 16 जनवरी को उनकी वफ़ात हुई। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। लजना दारुल यमन ग़र्बी की मजलिस ए आमला में मजमूई तौर पर सतराह वर्ष उनको ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली। विभिन्न देशों में उनको माली क़ुर्बानीयों की तौफ़ीक़ मिली और लाखों में अल्लाह तआला ने उनको माली क़ुर्बानी करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई। वफ़ात से चंद घंटे पहले भी उनकी आँख खुली तो उन्होंने कहा कि मेरी चूड़ियां कहाँ हैं? और तुरन्त अपने बेटे को कहा कि यह चूड़ियां बेच के तो सदर साहिब को दे आओ जो तक़रीबन साढ़े तीन लाख रुपय की थीं। वह एम.टी.ए के लिए क़ुर्बान कर दें कि डिश लगवा दें।

फिर उनके दो बेटे 1995 ई. में जर्मनी में कार के हादिसे में वफ़ात पा गए थे। बड़े हौसले से सदमा बर्दाश्त किया और कभी इस हादिसे का वर्णन नहीं किया न शिकवा किया। इस सदमे को अल्लाह तआला की इच्छा, ख़ुदा की इच्छा सोच कर बर्दाश्त किया। तब्लीग़ का बहुत शौक़ था और जोश था। रब्वाह के इर्द-गिर्द के गावं में तब्लीग़ के लिए दूर-दूर तक निकल जाती थीं। क़ुरआन मजीद से इशक़ था। स्वयं क़ुरआन करीम की तिलावत नियमित रूप से करने के अतिरिक्त मुहल्ले के बच्चों को क़ुरआन मजीद और यससर्नल क़ुरआन पढ़ाया। मरहूमा मूसिया भी थीं। पति के अतिरिक्त एक बेटा और चार बेटियां शामिल हैं। तीन बेटियां लंदन में हैं एक बुर्कीना फासो में हैं। यहां भी जो बेटियां हैं वह जमात का काम कर रही हैं। अल्लाह तआला मरहूमा से मग़फ़िरत का सुलूक फ़रमाए।

अगला जनाज़ा मंज़ूर अहमद शाद साहिब का है जो 17 जनवरी को 82 वर्ष की आयु में वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। ख़ानदान में अहमदियत आप के पिता हज़रत मियां अब्दुल करीम साहिब सहाबी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के द्वारा से 1903 ई. में आई थी जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम करम दीन के मुक़द्दमा के सिलसिला में जेहलम तशरीफ़ ले गए थे। शाद साहिब 1956 ई. में कराची स्थांतरित हुए। फिर वहां बतौर क़ायद ज़िला कराची ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली और उन्होंने वहां ख़ुद्दामुल अहमदिया में बड़ा अच्छा काम किया। फिर सदर जमात ड्रिग रोड कॉलोनी और नायब अमीर कराची के तौर पर ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली। 1984 ई. में जिस वफ़्द ने हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह राबे रहमहुल्लाह तआला का सख्खर में स्वागत किया था आप उस वफ़्द में शामिल थे और उनकी रवानगी तक एयरपोर्ट पर ही रहे। 2010 ई. में लंदन स्थांतरित हुए। यहां बैतुल फ़तूह होमेयोपैथिक डिसपेंसरी में भी बाक़ायदा वक़्त दिया करते थे। वफ़ात के वक़्त आप सैक्रेटरी तर्बीयत और सैक्रेटरी तर्बीयत नोमुबाईन जमात नवरबरी (norbury)ख़िदमत की तौफ़ीक़ पा रहे थे। मरहूम मूसी थे। उनके दो पोते और एक नवासा मुरब्बी हैं और यहीं यू.के में ख़िदमत की तौफ़ीक़ पा रहे हैं। अल्लाह तआला उनसे मग़फ़िरत और रहम का सुलूक फ़रमाए।

